Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding steps to be taken for controlling population in India.

श्री संजय सेठ (राँची): धन्यवाद सभापति महोदय।

महोदय, मैं जनसंख्या की विस्फोटक स्थिति की ओर आपका ध्यान दिलाना चाहता हूं और देश में बेतहाशा बढ़ती हुई जनसंख्या की तरफ ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। वर्तमान में भारत की जनसंख्या 130 करोड़ है। जब भारत आजाद हुआ था तो 10 करोड़ थी, वर्ष 2027 तक हमारा देश चीन को पछाड़ देगा और वर्ष 2050 तक देश की जनंसख्या 160 करोड़ की हो जाएगी।

महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि जनसंख्या वृद्धि को रोकने के लिए अगर ठोस कदम नहीं उठाए गए तो इसके दुष्परिणाम कई गुणा बढ़ जाएंगे। मेरा यह मानना है कि यदि इसी गति से आबादी में वृद्धि होती रही तो इनके लिए संसाधन कहां से उपलब्ध करवाएंगे? हमारी सरकार सभी को शौचालय, गैस, आयुष्मान भारत दे रही है। अत: मेरा आग्रह है कि जनसंख्या पर अंकुश लगाना अत्यंत आवश्यक है और यह तभी संभव होगा, जब देश में कानून बनाया जाएगा। कानून के तहत एक दंपती को दो बच्चे पैदा करने का होगा। अगर तीसरा बच्चा होता है तो सरकारी सुविधा खत्म कर दो, वोट देने का अधिकार खत्म कर दो और सभी प्रकार की सुविधा से उसको वंचित कर दो, तब जाकर जनसंख्या पर नियंत्रण होगा। अभी आप देखिए कि कितनी भीड़ बढ़ गयी है। कोरोना वायरस की समस्या देख लीजिए। 130 करोड़ लोगों का देश है। मेरा आग्रह है कि जल्द से जल्द इस पर बिल लाकर कानून बनाया जाए।

HON. CHAIRPERSON : Kunwar Pushpendra Singh Chandel, Shri C.P. Joshi, Dr. Satyapal Singh and Shri Uday Pratap Singh are permitted to associate with the issue raised by Shri Sanjay Seth.